भारत सरकार
कौशल विकास और उद्‍यमशीलता मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 2470
उत्तर देने की तारीख 13दिसंबर, 2021
सोमवार, 22 अग्रहायण,1943 (शक)

बिहार में पीएमकेवीवाई के अंतर्गत कौशल विकास प्रशिक्षण

2470 श्री सुनील कुमार:

क्या कौशल विकास और उद्‍यमशीलता मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि

(क) पिछले तीन वर्षों के दौरान प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना (पीएमकेवीवाई) के तहत कौशल विकास प्रशिक्षण के लिए बिहार से कितने पुरुष और महिला नामित किए गए हैं;

(ख) पिछले तीन वर्षों के दौरान उक्त कौशल प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद राज्य में ऐसे कितने युवाओं को रोजगार या नौकरी मिली है;

(ग) पिछले तीन वर्षों के दौरान उक्त कार्यक्रम के लिए कितनी राशि आवंटित और खर्च की गई;

(घ) क्या संघ सरकार का विचार बिहार के पश्चिमी चंपारण जिले में कौशल विकास प्रशिक्षण केंद्र स्थापित करने का है;

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्योरा क्या है; और

(च) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर
कौशल विकास और उद्‍यमशीलता राज्य मंत्री
(श्री राजीव चंद्रशेखर)

(क) कुशल भारत मिशन के तहत, मंत्रालय बिहार राज्य सहित देश के युवाओं को कौशल विकास प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए अपनी महत्वाकांक्षी स्कीम प्रधान मंत्री कौशल विकास योजना (पीएमकेवीवाई) का कार्यान्वयन कर रहा है। पीएमकेवीवाई के तहत, पिछले तीन वर्षों

(यानी 2018-21) में, बिहार राज्य में 3,90,246 उम्मीदवारों को प्रशिक्षण/उन्मुखीकरण के लिए नामांकित किया गया है, जिनमें से 2,51,696 पुरुष और 1,38,543 महिलाएं हैं।

(ख) पीएमकेवीवाई के दो प्रशिक्षण घटक नामत: अल्पावधि प्रशिक्षण (एसटीटी) और पूर्व शिक्षण मान्यता (आरपीएल)हैं। पीएमकेवीवाई के तहत, एसटीटी प्रमाणित उम्मीदवारों को नियोजन के अवसर प्रदान किए जा रहे हैं, जबकि आरपीएल के तहत नियोजन किए जाने का प्रावधान नहीं है क्योंकि यह उम्मीदवार के मौजूदा कौशल को मान्यता प्रदान करता है। पीएमकेवीवाई-एसटीटी के तहत, पिछले तीन वर्षों (यानी 2018-21) में, 81,285 उम्मीदवारों (पुरुष: 50,659; महिला: 30,626) को बिहार राज्य में नियोजित किया गया है।

(ग) पीएमकेवीवाई के केंद्रीय घटक के तहत, कोई राज्य-वार आवंटन नहीं है; हालांकि, स्कीम के कार्यान्वयन के लिए पिछले तीन वर्षों (यानी 2018-21) में बिहार राज्य के प्रशिक्षण केंद्रों को 226.83 करोड़ रुपये वितरित किए गए थे।

पीएमकेवीवाई के राज्य घटक के तहत, राज्य-वार निधि और संगत वास्तविक लक्ष्य आवंटित किए गए हैं। पीएमकेवीवाई के तहत बिहार राज्य के लिए 128.65 करोड़ रुपये आवंटित किए गए थे। जिसमें से अब तक 36.82 करोड़ रुपए जारी किए जा चुके हैं। बिहार राज्य से प्राप्त आंकड़ों के अनुसार, जारी की गई कुल राशि (36.82 करोड़ रुपये) में से अब तक 2.38 करोड़ रुपएव्यय किए हैं।

(घ) मंत्रालय बिहार राज्य के जिलों सहित पूरे देश में सार्वजनिक निजी भागीदारी (पीपीपी) मोड में कौशल प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए प्रत्येक जिले में प्रधान मंत्री कौशल केंद्र (पीएमकेके) नामक मॉडल और आकांक्षात्मक कौशल केंद्रों की स्थापना को बढ़ावा देता है। 21.11.2021 तक, पश्चिम चंपारण जिले सहित बिहार राज्य के 38 जिलों में 48 पीएमकेके स्थापित किए गए हैं। बिहार के पश्चिमी चंपारण जिले में पीएमकेके की स्थापना एडीएस स्किल प्राइवेट लिमिटेड द्वारा की जा चुकी है।

(ङ) उपर्युक्त भाग (घ) में दिया गया उत्तर देख जा सकता है।

(च) उपर्युक्त भाग (घ) में दिया गया उत्तर देख जा सकता है।

****